दिनांक 13.02.2021

ऑनलाइन परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों हेतु निर्देश

1. सभी परीक्षार्थी केवल विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये ई-मेल id@gkv.ac.in के माध्यम से ही परीक्षा दे सकेंगे ।

2. परीक्षार्थियों को उनके विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये ई-मेल पर परीक्षा की तिथि में परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घण्टा पूर्व प्रश्न पत्र (pdf format में) भेज दिया जायेगा ।



3. परीक्षार्थी प्रश्न पत्र डाउनलोड कर अपने उत्तर सादे कागज अथवा लाइन पेपर पर लिखेंगे ।





4. परीक्षार्थी प्रथम पृष्ठ पर सबसे पहले निम्न सूचनाएं अंकित करेंगे ।

नाम- परीक्षार्थी का नाम

अनुक्रमांक- अनुक्रमांक में परीक्षार्थी अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखेंगे

कक्षा- कक्षा का नाम

विषय- विषय का नाम

पेपर कोड- पेपर का कोड़

पेपर नेम- पेपर का नाम

दिनांक- परीक्षा की तिथि

परीक्षार्थी द्वारा भेजे गये उत्तरों की कुल पृष्ठ संख्या..........

5. परीक्षार्थी प्रथम पृष्ठ के बाद सभी पृष्ठों पर सबसे उपर केवल अपना नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर, एवं पृष्ठ संख्या अंकित करेंगे, उसके बाद ही उत्तर लिखेंगे ।





6. सम्पूर्ण प्रश्न पत्र को हल करने के बाद परीक्षार्थी सभी पृष्ठों की फोटो खींचकर, पृष्ठ संख्या के अनुसार क्रम से लगाकर तथा उसकी pdf format में एक फाइल बनाकर, जिस ई-मेल से प्रश्न पत्र प्राप्त हुआ है उसी ई-मेल पर वापस भेजेंगे । अन्य किसी ई-मेल पर भेजने पर फाइल भेजने पर उसे स्वीकार नही किया जायेगा ।

7. pdf file का नाम निम्न प्रकार लिखा जाना है: registration_papercode

उदाहरण के लिए यदि किसी परीक्षार्थी का रजिस्ट्रेशन नम्बर 206330020 है तथा वह पेपर कोड BMA-C201 की परीक्षा दे रहा है तो pdf file का नाम 206330010_bmac201 होगा ।

8. इस pdf file को परीक्षार्थी जिस ई-मेल से प्रश्न पत्र प्राप्त हुआ है, उसी ई-मेल पर परीक्षा समाप्ति के अधिकतम एक घण्टे तक भेज सकते हैं । उसके बाद प्राप्त pdf file का मूल्यांकन नही किया जायेगा।

9. pdf file को मेल से प्राप्त करने या भेजने में कठिनाई होने पर परीक्षार्थी दिये गये नम्बर पर सम्पर्क करेंगे ।

परीक्षा नियन्त्रक